सरकार की बढ़ी कमाई, दिसंबर में मिले 17,605.32 करोड़

- पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में इस बार 977.14 करोड़ रुपये ज्यादा मिला राजस्व
- सरकार की बढ़ी कमाई, परिवहन को छोड़ बाकी मदों में पिछले साल से अधिक रहीं प्राप्तियां

राज्य ब्यूरो, जागरण● लखनऊ: राज्य सरकार की कमाई बढ़ती जा रही है। बीते दिसंबर में सरकारी खजाने में 17,605.32 करोड़ रुपये आए। पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में सरकार को इस साल दिसंबर माह में 977.14 करोड़ रुपये ज्यादा कर-करेतर राजस्व हासिल हुआ है। कमाई बढ़ने से सरकार विकास के कार्य तेजी से करा सकती है।

वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने सोमवार को बताया कि जीएसटी के तहत बीते दिसंबर में 6342.68 करोड़ रुपये राजस्व मिला है जबकि वर्ष 2023 के इसी माह में 6239.81 करोड़ रुपये ही मिले थे। वैट में इस बार 3105.91 करोड़ रुपये मिले। आबकारी के मद में इस बार दिसंबर में 4141.75 करोड़ रुपये मिले जबकि पिछले वित्तीय वर्ष के दिसंबर में 3776.32 करोड़ रुपये प्राप्त हुए थे। स्टांप के मद में दिसंबर में 2784.94 करोड़ रुपये मिले हैं जबकि पिछली बार राजस्व प्राप्ति 2445.51 करोड़ रुपये थी। पिछले माह परिवहन से सरकार को 805.84 करोड़ रुपये राजस्व मिला था जबकि पिछले वित्तीय वर्ष के दिसंबर में इससे कहीं अधिक 910.05 रुपये राजस्व आया था। भू-तत्व तथा खनिकर्म के तहत दिसंबर में 424.18 करोड़ रुपये मिले हैं।

मंत्री ने बताया कि राज्य कर के तहत जीएसटी एवं वैट में वित्तीय वर्ष 2024-25 के दिसंबर तक 84,030.61 करोड़ रुपये की प्राप्ति हुई है जो कि तय लक्ष्य का 53.50 प्रतिशत है। आबकारी में दिसंबर तक 34,545.03 करोड़ रुपये (लक्ष्य का 59.20 प्रतिशत), स्टांप तथा निबंधन में 22,772.05 करोड़ रुपये (लक्ष्य का 63.90 प्रतिशत), परिवहन में 8335.57 करोड़ रुपये(लक्ष्य का 67.10 प्रतिशत) राजस्व हासिल हुआ है।